Total No. of printed pages = 4

4 (Sem-3) FHIN-II

2018

HINDI

(Functional MIL-II)

Full Marks – 80

Pass Marks – 24

Time – Three hours

The figures in the margin indicate full marks for the questions.

1. निम्नलिखित प्रश्नों के पूर्ण वाक्य में उत्तर दो : 1×10=10

(क) अन्न पैदा करने में किसान किसके समान है ?

(ख) कवि का स्वभाव कैसा होता है ?

(ग) "मजदूरी और प्रेम" निबन्ध के निबन्धकार कौन है ?

(घ) क्या देवी उर्मिला के साथ अन्याय हुआ है ?

(ङ) चैतन्य पूजा से क्या होता है ?

[Turn over

(च) "जीवन बर्फ की पवित्रता से —— और वन की सुगन्धि से —— होता है।"

(छ) नयनों की भाषा से कौन प्रार्थना करता है?

(ज) गड़रिया किसकी पवित्र मदिरा से मस्त हो रहा है?

(झ) कौन राई को पर्वत करने की सामर्थ्य रखता है?

(ञ) खेती किसके ईश्वरी प्रेम का केन्द्र है?

2. निम्नलिखित में से किन्हीं पाँच के उत्तर दो : $2\times5=10$

(क) अश्वघोष महाकवि ने बुद्ध के साथ-साथ चले जाते हुए साधु पुरुषों की क्या उपमा दी है?

(ख) लक्ष्मण के भातृस्नेह का वर्णन कीजिए।

(ग) पशुओं के अज्ञान में क्या छिपा हुआ है तथा गड़रिये के जीवन में कैसा अनुभव भरा हुआ है?

(घ) गुरु नानक को बलपूर्वक लाने के पीछे क्या उद्देश्य था ?

(ङ) कवि भवभूति ने उर्मिला पर कैसी कृपा की है?

(च) घर जाने वाले को किसान किससे तृप्त करता है?

3. किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दो : 3×5=15

(क) उर्मिला की उदासीनता।

(ख) मजदूरी और प्रेम।

(ग) समाज को पालन करने वाली दूध की धारा।

(घ) पुर्तगालियों की व्यापार नीति।

4. किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दो : 2×5=10

(क) आधुनिक आलोचकों का देवी उर्मिला के विषय में विचार

(ख) मजदूरी और फकीरी

(ग) मनुस्मृति में गुरुनिन्दा के विषय में विचार।

5. पारिभाषिक शब्दावली का हिन्दी अनुवाद लिखो : 1×15=15

Notice Board, Exchange, Occupy, Management, Commerce, Arrear, Direct Tax, Financial Year, Annual Return, Balance Sheet, Environment, Education, Department, Economics, Inspection.

6. उच्चशिक्षा हेतु ऋण लेने के लिए बैंक मैनेजर के पास एक पत्र लिखो। 10

7. "रूप अनेक है, किंतु सबमें एक है, तत्व यह जो जानता, उसकी बुद्धि नेक है। जिस प्रकार संसार में अनेक जातियों-प्रजातियों के असंख्य जीव-जंतु होते हुए भी सबमें प्राण तत्व एक जैसे है, अलग-अलग रूप-रंग आकार के होते हुए भी समस्त प्राणियों में एक जैसा लाल रक्त प्रवाहित है। उसी प्रकार हमारे देश में विभिन्न जातियों, धर्म-संप्रदायों के अनुयायियों, पृथक-पृथक रूप-रंग वेशभूषा, भाषा, खान-पान, रीति-रिवाजों और आदतो व विश्वासों के होते हुए भी उनमें एक तत्व 'भारतीयता' विद्यमान है।"

(क) उपर्युक्त अपठित का शीर्षक लिखो। 1

(ख) रेखांकित भाग की व्याख्या करो। 3

(ग) गद्यांश का सारांश अपने शब्दों में लिखो। 6